Sixteenth Loksabha

an>

Title : The Speaker made references to the passing away of Smt. Krishna Kumari, member of the 5th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे पांचवीं लोकसभा में राजस्थान के जोधपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सदस्य, श्रीमती कृष्णा कुमारी के दु:खद निधन के बारे में सभा को सूचित करना है।

श्रीमती कृष्णा कुमारी एक अत्यन्त लोकप्रिय, दूरदर्शी और समर्पित जनप्रतिनिधि थीं, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण और बालिकाओं की शिक्षा के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके मार्गदर्शन में जोधपुर में राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल और देसुरी में राजमाता कृष्णा कुमारी बालिका छात्रावास की स्थापना भी की गई।

श्रीमती कृष्णा कुमारी का निधन 92 वर्ष की आयु में 3 जुलाई, 2018 को जोधपुर, राजस्थान में हुआ। हम उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

अब सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में कुछ देर मौन खड़ी रहेगी।

11 01 ½ hrs

The Members then stood in silence for a short while.

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज आप लोग बैठिए। मुझे मालूम है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह ठीक नहीं है, आप लोग बैठिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग बैठ जाइए, मैं आपको अनुमति दूंगी।

…(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ): अध्यक्ष जी, यह बेटियों के सम्मान का मामला है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मुझे मालूम है।

…(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र यादव: अध्यक्ष जी, इस विषय पर हमने एडजर्नमेंट मोशन दिया है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मुझे वह भी मालूम है, लेकिन यह सब शून्यकाल में लेंगे। It is after the Question Hour.

…(व्यवधान)